॥ श्री हरिः ॥
सन्मार्ग
॥ नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः ॥
कोलकाता, शनिवार 18 अप्रैल, 2026 बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक www.sanmarg.in वैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 1, विक्रम संवत् 2083, वर्ष 81, अंक 18, पूर्णांक 27985, मूल्य 5.00 रु., कुल पेज 18

द न्यूटाउन स्कूल के छात्रों का CBSE 10वीं में शानदार रिजल्ट

प्रगति, सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : सीबीएसई 10वीं के रिजल्ट में द न्यूटाउन स्कूल के छात्रों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल 201 परीक्षार्थियों ने अच्छे अंक अर्जित कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। स्कूल के 43 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वहीं 56 विद्यार्थी 90%-95% के बीच रहे। 71 विद्यार्थियों ने 80%-90% तक अंक हासिल किये। इसके अलावा सभी छात्र उच्च श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय की छात्रा समृद्धि बनर्जी ने उच्चतम अंक 99.6% प्राप्त किए हैं। विभिन्न विषयों में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जहां कई विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। विशेष रूप से आईटी में 41 ने पूर्ण अंक प्राप्त किए, गणित में 6, सामाजिक विज्ञान में 8 और विज्ञान में 1 ने पूर्ण अंक प्राप्त कर उच्च उपलब्धियां दर्ज की।